**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**18.02.2026** **9:20 बजे**

**" मुख्य समाचार"**

- प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के पहले चरण की तीसरी व अंतिम बैठक आज–सदन में आरडीजी पर आज भी चर्चा रहेगी जारी।
- कांगड़ा जिला में किशोरियों में गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की रोकथाम के उद्देश्य से एचपीवी के लगाए जाएंगे निःशुल्क टीके।
- मंडी में चल रहे अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव के दौरान वाद्य यंत्र प्रतियोगिता बनी आकर्षण का केंद।
- मौसम विभाग ने आज ऊंची चोटियों पर जताई हल्के हिमपात की संभावना–आगामी सप्ताहभर मौसम बना रहेगा साफ।

**विधानसभा**

प्रदेश विधानसभा के शिमला में चल रहे बजट सत्र की आज तीसरी बैठक है। सदन में प्रश्नकाल के अलावा अन्य विधायी कार्य निपटाए जाएंगे। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता...

**प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन आज सदन की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू होगी, जिसमें विभिन्न सदस्यों के सेब खरीद, आयुर्वेदिक संस्थान, विकास निधि, जल जीवन मिशन, शिक्षकों व गैर शिक्षकों की नियुक्तियां, भवन निर्माण जैसे कई महत्वपूर्ण सवालों के जवाब दिए जाएंगे। सदन में आरडीजी पर आज भी चर्चा जारी रहेगी। इससे पहले कल बजट सत्र के दूसरे दिन सदन में राजस्व घाटा अनुदान आरडीजी पर प्रस्तुत सरकारी संकल्प पर सदन में चर्चा के दौरान सत्तापक्ष और विपक्ष ने एक दूसरे को घेरने का प्रयास किया और वित्तीय कुप्रबंधन के आरोप लगाए। सदन में प्रश्नकाल के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार गग्गल एयरपोर्ट व गगरेट में जमीन के बेनामी सौदों की जांच करवाएगी। उन्होंने कहा कि इसके लिए पुलिस की एस.आई.टी. टीम का गठन किया जाएगा। उन्होंने ये बात गगरेट के विधायक राकेश कालिया के एक प्रश्न के उत्तर में दी। बजट सत्र के पहले चरण की ये तीसरी व अंतिम बैठक है। आकाशवाणी शिमला से मैं रितेश कपूर।**

## टीकाकरण

कांगड़ा जिला में 16 हजार 5 सौ 33 किशोरियों को गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की रोकथाम के उद्देश्य से एच.पी.वी. के टीके लगाए जाएंगे। इस संबंध में आयोजित एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि इसके लिए शिक्षण संस्थानों में विशेष जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी ताकि अभिभावकों व विद्यार्थियों को इस टीके के महत्व के बारे में सही जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा कि 28 फरवरी को स्कूलों में आयोजित होने वाली पीटीएम बैठक में इस वैक्सीनेशन पर चर्चा विशेष रूप से की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिले में 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की कुल 16 हजार 5 सौ 33 बालिकाएं चिन्हित की गई हैं जिसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा 75 विभिन्न स्थानों पर टीकाकरण सत्र आयोजित किये जाएंगे। उन्होंने कहा कि ये वैक्सीन निशुल्क रूप से उपलब्ध करवाई जा रही है।

## 'एंटी–चिट्टा वॉकथॉन'

ऊना में 21 फरवरी को प्रस्तावित 'एंटी–चिट्टा वॉकथॉन' को प्रशासनिक कारणों से स्थगित किया गया है। जिला उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि प्रदेश स्तर पर प्रशासनिक व्यस्तताओं के चलते यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की नई तिथि शीघ्र घोषित की जाएगी। गौरतलब है कि प्रदेश सरकार के नशामुक्त हिमाचल के संकल्प के तहत 'एंटी–चिट्टा वॉकथॉन' का आयोजन शिमला, धर्मशाला, हमीरपुर व बिलासपुर में सफलतापूर्वक किया जा चुका है।

## संपूर्णता अभियान

संपूर्णता अभियान के तहत किन्नौर जिला मुख्यालय रिकांगपिओ में उपायुक्त अमित कुमार शर्मा की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। नीति आयोग के इस कार्यक्रम के तहत बैठक में गर्भवती महिलाओं के लिए उचित पोषाहार, टीकाकरण व शिशु स्वास्थ्य के संबंध में विशेष रूप से चर्चा हुई। उपायुक्त अमित कुमार ने कहा कि इसके अलावा बैठक में महिला सशक्तिकरण के अहम बिंदुओं पर भी मंथन हुआ ताकि उन्हें सशक्त बनाया जाए और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बल मिल सके।

## अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव

मंडी में जारी अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव में इस बार देवधुन – वाद्ययंत्र प्रतियोगिता लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। प्रतियोगिता के शुभारंभ के साथ ही कल 23 प्रतिभागियों ने मंच पर अपनी प्रस्तुति दी और पारंपरिक नगाड़ों, करनाल, रणसिंघा व अन्य वाद्ययंत्रों की गूंज से वातावरण भक्तिमय बना दिया। प्रतियोगिता के लिए नवासी देवताओं के बजंत्रियों ने वाद्ययंत्र प्रतियोगिता के लिए जबकि 10 देवताओं के देवलुओं ने देवलुनाटी प्रतियोगिता के लिए अपना नाम दर्ज करवाया है।

**धार्मिक पर्यटन**

प्रदेश का प्रसिद्ध पर्यटन स्थल कुल्लू–मनाली अपने सौंदर्य के लिए देश–विदेश में अहम स्थान रखता है। यही कारण है कि वर्षभर यहां पर पर्यटकों का तांता लगा रहता है। जिले में सोलंगनाला की स्की ढलानों में इन दिनों बर्फ व पानी के जम जाने से बना शिवलिंग पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है और इस स्थान को अंजिनी महादेव के नाम से भी जाना जाता है जो अब धीरे–धीरे धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में उभर रहा है। अधिक जानकारी के साथ हमारे कुल्लू संवाददाता।

**कुल्लू जिला में सोलंगनाला की स्की ढलानों के साथ साथ बर्फ व पानी के जम जाने से बना शिवलिंग इन दिनों पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। सोलंगनाला से लगभग दो किलोमीटर दूर स्थित इस स्थान को अंजनी महादेव के नाम से जाना जाता है जो अब धीरे–धीरे एक धार्मिक पर्यटक स्थल के रूप में उभर रहा है। इन दिनों बर्फ से बने इस शिवलिंग का भव्य आकार 20 फुट के लगभग है। आजकल यहाँ पहुंचने का रास्ता बर्फ से ढका हुआ है परंतु फिर भी ठंड के बावजूद भारी संख्या में पर्यटक व् श्रद्धालु कठिन रास्ता तय कर इस शिवलिंग के दर्शनों को पहुंच रहे है। इस स्थान को बाबा प्रकाशपुरी ने वर्ष 1999 में खोजा था। उनके शिष्य के अनुसार इस स्थान पर माता अंजनी ने तपस्या की थी। पर्यटक इस स्थान पर शिवलिंग को देख चकित हो जाते हैं क्योंकि यह शिवलिंग अमरनाथ में बनने वाले शिवलिंग की याद दिलाता है। आकाशवाणी के लिए कुल्लू से आशीष शर्मा।**

**ई–केवाईसी**

प्रदेश के सामाजिक सुरक्षा पेंशन लाभार्थियों को अपना ई–केवाईसी सत्यापन करवाना अनिवार्य है। एक सरकारी प्रवक्ता के अनुसार ऐसे सभी सामाजिक सुरक्षा पैंशन लाभार्थी जिन्होंने अभी तक ई–केवाईसी सत्यापन नहीं करवाया है, वे अपने नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्र या संबंधित तहसील कल्याण अधिकारी कार्यालय में 28 फरवरी से पूर्व आवश्यक दस्तावेजों सहित अपना ई–केवाईसी सत्यापन करवाना सुनिश्चित करें। प्रवक्ता ने कहा कि अंतिम तिथि तक ई–केवाईसी न होने की स्थिति में पेंशभोगियों की पेंशन स्थाई रूप से बंद कर दी जाएगी।

**मौसम**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकतर भागों में आज दिन की शुरूआत बादलों के साथ हुई है। मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप शर्मा ने कहा कि आज चंबा, किन्नौर और लाहौल स्पीति जिले की उंची चोटियों पर हल्का हिमपात हो सकता है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा आगामी

सप्ताहभर प्रदेश के अधिकतर भागों में मौसम साफ बना रहेगा और दिन के तापमान में गर्माहट लगातार जारी रहेगी।

## अब सुर्खियां समाचार पत्रों से

आज अधिकतर समाचार पत्रों ने बजट सत्र से जुड़ी खबर को अपनी प्रमुख खबर बनाया है। अमर उजाला मुख्यमंत्री के हवाले से लिखता है **बेनामी भू सौदों की होगी जांच, गगल और गगरेट के मामलों के लिए बनेगी एसआईटी।** दिव्य हिमाचल की एक खबर है **हिमाचल में 40 नई पंचायतों का होगा गठन, अधिसूचना जारी।**

पंजाब केसरी ने खबर दी है **अनुराग शर्मा होंगे कुल्लू के डीसी, आशीष सिंघमार को मुख्यमंत्री के सचिव पद का दायित्व।**

**' मुख्य समाचार'' एक बार फिर**

- प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के पहले चरण की तीसरी व अंतिम बैठक आज–सदन में आरडीजी पर आज भी चर्चा रहेगी जारी।
- कांगड़ा जिला में किशोरियों में गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की रोकथाम के उद्देश्य से एचपीवी के लगाए जाएंगे निःशुल्क टीके।
- मंडी में चल रहे अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव के दौरान वाद्य यंत्र प्रतियोगिता बनी आकर्षण का केंद।
- मौसम विभाग ने आज ऊंची चोटियों पर जताई हल्के हिमपात की संभावना–आगामी सप्ताहभर मौसम बना रहेगा साफ।